Test Booklet No.
परीक्षण पुस्तिका सं.

Subject : GEOGRAPHY
Code : 313 EH
Medium : English and Hindi

Test Booklet Code
परीक्षण पुस्तिका कोड

B

(Do not open this Test Booklet until you are asked to do so)
(इस परीक्षण पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे ऐसा करने के लिए न कहा जाए)

*Time Allowed : **45** minutes* *निर्धारित समय : **45** मिनट*	*Maximum Marks : **200*** *अधिकतम अंक : **200***	*Total Questions : **50*** *कुल प्रश्न : **50***	*Number of questions to be answered : **40*** *उत्तर दिए जाने वाले प्रश्नों की संख्या : **40***

Kindly read the Instructions given on this Page and Back Page carefully before attempting this Question Paper.
कृपया इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले इस पृष्ठ और अंतिम पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़े।

Important Instructions for the Candidates :

1. This Test Booklet contains **50** questions printed in English and Hindi. Out of these, the candidate is required to answer any **40** questions. If a candidate answers more than 40 questions, the first 40 answered questions will be considered for evaluation.
2. When you are given the OMR Answer Sheet, fill in your particulars on it carefully with **blue/black** ball point pen only.
3. Use only Blue/Black Ball Point Pen for marking responses.
4. The CODE for this Test Booklet is **B**. Make sure that the CODE printed on the OMR Answer Sheet is the same as that on this Test Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are exactly the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes from the start of the examination.
5. Before attempting the question paper kindly check that this Test Booklet has total **28** pages and OMR Answer Sheet consists of one sheet. At the start of the examination within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of Test Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed and they are not damaged in any manner.
6. Each question has four answer options. Out of these four options choose the **MOST APPROPRIATE OPTION** and darken/blacken the corresponding circle on the OMR Answer Sheet with a Blue/Black Ball Point Pen.
7. Five (5) marks will be given for each correct answer. One (1) mark will be deducted for each incorrect answer. If more than one circle is found darkened/blackened for a question, then it will be considered as an incorrect answer. Unanswered questions will be given no mark.

P.T.O.

परीक्षार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश :

1. इस परीक्षण पुस्तिका में **50** प्रश्न अंग्रेज़ी और हिन्दी में मुद्रित हैं। परीक्षार्थी को इनमें से किन्हीं **40** प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। यदि परीक्षार्थी 40 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देता है, तो पहले 40 उत्तरित प्रश्न मूल्यांकन हेतु विचार किए जाएँगे।
2. जब आपको ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दिया जाता है तो उस पर केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से अपने विवरण ध्यानपूर्वक भरें।
3. उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन का ही उपयोग करें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका का **कोड B** है। यह सुनिश्चित कर लें कि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर मुद्रित **कोड** बिलकुल वही है, जो इस परीक्षण पुस्तिका पर मुद्रित कोड है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि आपकी परीक्षण पुस्तिका संख्या बिलकुल वही है, जो ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक संख्या है। यदि ये अलग-अलग हैं, तो परीक्षार्थी तुरंत इसकी जानकारी निरीक्षक को दे कर उनसे परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दोनों बदल कर ले लें। परीक्षा शुरू हो कर पाँच मिनट बीत जाने के बाद इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. प्रश्न-पत्र को हल करना शुरू करने से पहले यह जाँच लें कि इस परीक्षण पुस्तिका में कुल **28** पृष्ठ हैं और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में एक ही पत्रक है। परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है, कि परीक्षा शुरू होने पर, पहले पाँच मिनटों के अन्दर, यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पृष्ठ और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक ठीक से मुद्रित हैं और वे किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हैं।
6. प्रत्येक प्रश्न में चार उत्तर विकल्प हैं। इन चारों विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त विकल्प** को चुनें और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उससे संगत वृत्त को नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से गहरा/काला करके भरें।
7. प्रत्येक सही उत्तर के लिए पाँच (5) अंक दिए जाएँगे। प्रत्येक ग़लत उत्तर के लिए एक (1) अंक काटा जाएगा। यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त गहरे/काले पाए जाते हैं, तो उसे ग़लत उत्तर माना जाएगा। अनुत्तरित प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा।

कृ.पृ.प.

Name of the Candidate (in Capital Letters) : _____
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Application Number (in figures) : _____
आवेदन संख्या (अंकों में) :

Roll Number (in figures) : _____
अनुक्रमांक (अंकों में) :

Centre of Examination (in Capital Letters) : _____
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : _____ Invigilator's Signature : _____
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : _____
केन्द्र अधीक्षक की हस्ताक्षर मोहर :

1. Who, of the following, defined Human Geography as "Conception resulting from a more synthetic knowledge of the physical laws governing our earth and of the relations between the living beings which inhabit it" ?

(1) Ratzel (2) Blache

(3) Taylor (4) Semple

2. ''Geography is the study of human beings and environment where nature is supreme that dictates the lifestyle of human beings.'' Identify the geographical approach referred to in this statement from the following.

(1) Possibilism (2) Environmental Determinism

(3) Behaviouralism (4) Humanism

3. Which of the following geographers described the 'state/country' as a 'living organism' ?

(1) French (2) German

(3) Australian (4) Indian

4. Which of the following country's population ***does not*** have triangular shaped age-sex pyramid ?

(1) Australia (2) Bangladesh

(3) Nigeria (4) Mexico

5. Which of the following approaches was initially proposed by the International Labour Organization ?

(1) Basic needs approach (2) Income approach

(3) Capability approach (4) Welfare approach

6. Which of the following is ***not*** one of the pillars of Human Development ?

(1) Equity (2) Affordability

(3) Sustainability (4) Empowerment

7. In which country is milk transported from farms to factories through pipelines ?

(1) India (2) New Zealand

(3) Canada (4) Mexico

8. What is the pattern of settlement that develops around a lake ?

(1) Rectangular pattern (2) Linear pattern

(3) T-shaped pattern (4) Circular pattern

1. निम्नलिखित में से किसने मानव भूगोल को "हमारी पृथ्वी को नियंत्रित करने वाले भौतिक नियमों और इस पर रहने वाले जीवों के मध्य संबंधों के अधिक संश्लेषित ज्ञान से उत्पन्न संकल्पना" के रूप में परिभाषित किया है ?

(1) रेटज़ेल (2) ब्लाश

(3) टेलर (4) सेम्पल

2. "भूगोल मनुष्यों और पर्यावरण का अध्ययन है जहाँ प्रकृति सर्वोच्च है जो मनुष्यों की जीवन शैली को निर्धारित करती है।" निम्नलिखित में से इस कथन में निर्दिष्ट भौगोलिक दृष्टिकोण की पहचान करें।

(1) संभववाद (2) पर्यावरणीय निश्चयवाद

(3) व्यवहारवाद (4) मानवतावाद

3. निम्नलिखित में से किन भूगोलवेत्ताओं ने 'राज्य/देश' को 'जीवित जीव' के रूप में वर्णित किया है ?

(1) फ्रेंच (2) जर्मन

(3) ऑस्ट्रेलियाई (4) भारतीय

4. निम्नलिखित में से किस देश की जनसंख्या का आयु-लिंग पिरामिड त्रिकोणीय आकार में ***नहीं*** है ?

(1) ऑस्ट्रेलिया (2) बांग्लादेश

(3) नाइजीरिया (4) मेक्सिको

5. निम्नलिखित में से किस उपागम को मूल रूप से अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा प्रस्तावित किया गया था ?

(1) आधारभूत आवश्यकता उपागम (2) आय उपागम

(3) क्षमता उपागम (4) कल्याण उपागम

6. निम्नलिखित में से कौन-सा मानव विकास के स्तंभों में से एक ***नहीं*** है ?

(1) समता (2) सामर्थ्यता

(3) सतत-पोषणीयता (4) सशक्तिकरण

7. किस देश में दूध को पाइपलाइनों के माध्यम से फार्मों से कारखानों तक पहुँचाया जाता है ?

(1) भारत (2) न्यूज़ीलैंड

(3) कनाडा (4) मेक्सिको

8. एक झील के चारों ओर विकसित होने वाली बस्ती का प्रतिरूप कैसा होता है ?

(1) आयताकार प्रतिरूप (2) रैखिक प्रतिरूप

(3) टी-आकार का प्रतिरूप (4) वृत्ताकार प्रतिरूप

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

9. Which of the following is ***not*** a push factor for the migration of the rural population in India ?

(1) High population pressure on the land

(2) Availability of regular work

(3) Lack of basic infrastructural facilities like health care, education, etc

(4) Local conflicts

10. When and by whom was the first Human Development Report published ?

(1) WHO in 1992 (2) UNDP in 1992

(3) WHO in 1991 (4) UNDP in 1990

11. Among the following, which was the least populated state in 2011 ?

(1) Haryana (2) Tripura

(3) Jharkhand (4) Sikkim

12. Which of the following States registered the highest population growth rate during 2001 – 2011 ?

(1) Karnataka (2) Tamil Nadu

(3) Rajasthan (4) Maharashtra

13. Dhani is an example of _____ type of rural settlements.

Fill in the blank with the correct option.

(1) Hamleted (2) Dispersed

(3) Semi-clustered (4) Clustered

14. Which of the following towns developed as a satellite town ?

(1) Rohtak (2) Sindri (3) Dispur (4) Mhow

15. _____ is an example of ancient towns in India.

Fill in the blank with the correct option.

(1) Madurai (2) Hyderabad (3) Kolkata (4) Delhi

16. 'Boro', 'Aman' and 'Aus' are _____ .

Fill in the blank with the correct option.

(1) tribes which are found in the north-eastern part of India

(2) types of folk dance

(3) names of rice crops

(4) types of cotton crop

9. निम्नलिखित में से भारत में ग्रामीण जनसंख्या के प्रवास के लिए कौन-सा एक प्रतिकर्ष कारक ***नहीं*** है ?

(1) भूमि पर जनसंख्या का उच्च दबाव

(2) कार्य की नियमित उपलब्धता

(3) स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, आदि जैसी आधारभूत अवसंरचनात्मक सुविधाओं का अभाव

(4) स्थानीय संघर्ष

10. पहली मानव विकास रिपोर्ट कब और किसके द्वारा प्रकाशित की गई थी ?

(1) 1992 में डब्ल्यू एच ओ (2) 1992 में यू एन डी पी

(3) 1991 में डब्ल्यू एच ओ (4) 1990 में यू एन डी पी

11. 2011 में, निम्नलिखित में से सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य कौन-सा था ?

(1) हरियाणा (2) त्रिपुरा

(3) झारखंड (4) सिक्किम

12. निम्नलिखित में से किस राज्य में 2001 – 2011 के दौरान सबसे अधिक जनसंख्या वृद्धि दर दर्ज की गई थी ?

(1) कर्नाटक (2) तमिलनाडु

(3) राजस्थान (4) महाराष्ट्र

13. ढाँणी _____ प्रकार की ग्रामीण बस्तियों का उदाहरण है।

रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।

(1) पल्ली (2) परिक्षिप्त

(3) अर्ध-गुच्छित (4) गुच्छित

14. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर, एक अनुषंगी नगर के रूप में विकसित हुआ है ?

(1) रोहतक (2) सिंदरी (3) दिसपुर (4) महू

15. _____ भारत के प्राचीन नगरों का एक उदाहरण है।

रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।

(1) मदुरई (2) हैदराबाद (3) कोलकाता (4) दिल्ली

16. 'बोरो', 'अमन' और 'औस' _____ हैं।

रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।

(1) भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में पाई जाने वाली जनजातियाँ

(2) लोक नृत्यों के प्रकार

(3) चावल की फसलों के नाम

(4) कपास की फसलों के प्रकार

17. Pykara Hydroelectric Plant was built in _____.

Fill in the blank with the correct option.

(1) 1929 (2) 1931

(3) 1932 (4) 1942

18. The total utilisable water resources in India is about _____ cubic km.

Fill in the blank with the correct option.

(1) 4,000 (2) 1,969

(3) 1,869 (4) 1,122

19. The first radio programme was broadcast in India in _____.

Fill in the blank with the correct option.

(1) 1910 (2) 1913

(3) 1923 (4) 1932

20. Which of the following is a land-locked harbour ?

(1) Paradwip port

(2) Tuticorin port

(3) Haldia port

(4) Visakhapatnam port

21. Which of the following ports is confronted with the problem of silt accumulation ?

(1) Mumbai port (2) New Mangalore port

(3) Kolkata port (4) Paradwip port

22. Where is the headquarter of the 'Organisation of the Petroleum Exporting Countries' (OPEC) ?

(1) Montevideo (2) Vienna

(3) Minsk (4) Aden

23. The General Agreement on Tariffs and Trade (GATT) was transformed into the World Trade Organization in _____.

Fill in the blank with the correct option.

(1) 1995 (2) 1991

(3) 2005 (4) 1976

17. पायकारा जल-विद्युत संयंत्र _____ में बनाया गया था।

रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।

(1) 1929 (2) 1931

(3) 1932 (4) 1942

18. भारत में उपयोग योग्य कुल जल संसाधन लगभग _____ घन कि.मी. है।

रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।

(1) 4,000 (2) 1,969

(3) 1,869 (4) 1,122

19. भारत का पहला रेडियो कार्यक्रम _____ में प्रसारित किया गया था।

रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।

(1) 1910 (2) 1913

(3) 1923 (4) 1932

20. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भू-आबद्ध पत्तन है ?

(1) पारादीप पत्तन

(2) तूतीकोरिन पत्तन

(3) हल्दिया पत्तन

(4) विशाखापटनम पत्तन

21. निम्नलिखित में से कौन-सा पत्तन गाद जमा होने की समस्या का सामना कर रहा है ?

(1) मुंबई पत्तन (2) न्यू मंगलौर पत्तन

(3) कोलकाता पत्तन (4) पारादीप पत्तन

22. 'पेट्रोलियम निर्यातक देश संगठन' (ओपेक) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(1) मोंटेवीडियो (2) वियना

(3) मिन्स्क (4) अदन

23. जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड एंड टैरिफ (आयात शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौता) (GATT) को _____ में विश्व व्यापार संगठन में बदल दिया गया था।

रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।

(1) 1995 (2) 1991

(3) 2005 (4) 1976

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

24. Canberra was planned by _____.

Fill in the blank with the correct option.

(1) Patrick Geddes
(2) Walter Burley Griffin
(3) Jean Gottmann
(4) George Zipf

25. Match **List-I** with **List-II** :

List-I (Approaches in Human Geography)	**List-II (Broad features)**
(A) Areal Differentiation	(I) Identifying the uniqueness of any region and understanding how and why it is different
(B) Spatial Organisation	(II) Application of quantitative techniques in Geography
(C) Behavioural School	(III) Discontent with quantitative revolution and its dehumanized manner of doing Geography
(D) Post-modernism	(IV) Focus on local context

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) – (I), (B) – (II), (C) – (III), (D) – (IV)
(2) (A) – (I), (B) – (III), (C) – (II), (D) – (IV)
(3) (A) – (I), (B) – (II), (C) – (IV), (D) – (III)
(4) (A) – (III), (B) – (IV), (C) – (I), (D) – (II)

26. Identify from the following, the correct statements with reference to the characteristics of intensive subsistence agriculture dominated by wet paddy cultivation.

(A) Land holdings are very small due to the high density of population.
(B) Farmers work with the help of family labour leading to intensive use of land.
(C) Farm yard manure is used to maintain the fertility of the soil.
(D) The yield per unit area is low, but productivity per labour is high.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (D) only
(2) (A), (C) and (D) only
(3) (A), (B) and (C) only
(4) (B), (C) and (D) only

24. कैनबरा शहर की योजना _____ द्वारा बनाई गई थी।

रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।

(1) पेट्रिक गेडेस
(2) वाल्टर बरली ग्रिफिन
(3) जीन गॉटमैन
(4) जॉर्ज ज़िप्फ

25. **सूची-I** का **सूची-II** के साथ मिलान कीजिए :

सूची-I (मानव भूगोल के उपागम)	**सूची-II (वृहत् लक्षण)**
(A) क्षेत्रीय विभेदन	(I) किसी भी प्रदेश की विलक्षणता की पहचान करना और यह समझना कि यह कैसे और क्यों अलग है
(B) स्थानिक संगठन	(II) भूगोल में मात्रात्मक तकनीकों का अनुप्रयोग
(C) व्यवहारवादी विचारधारा	(III) मात्रात्मक क्रांति और उसके अमानवीय तरीके से भूगोल के अध्ययन से उत्पन्न असंतुष्टि
(D) उत्तर-आधुनिकतावाद	(IV) स्थानीय संदर्भ पर ध्यान केंद्रित करना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) – (I), (B) – (II), (C) – (III), (D) – (IV)
(2) (A) – (I), (B) – (III), (C) – (II), (D) – (IV)
(3) (A) – (I), (B) – (II), (C) – (IV), (D) – (III)
(4) (A) – (III), (B) – (IV), (C) – (I), (D) – (II)

26. आर्द्र चावल प्रधान गहन निर्वाह कृषि की विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही कथनों की पहचान करें।

(A) जनसंख्या के उच्च घनत्व के कारण भूमि जोत का आकार बहुत छोटा है।
(B) किसान पारिवारिक श्रम की मदद से काम करते हैं जिससे भूमि का गहन उपयोग होता है।
(C) पशुओं के गोबर की खाद एवं हरी खाद का उपयोग मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए किया जाता है।
(D) प्रति इकाई क्षेत्र में उपज कम है, लेकिन प्रति श्रमिक उत्पादकता अधिक है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (D)
(2) केवल (A), (C) और (D)
(3) केवल (A), (B) और (C)
(4) केवल (B), (C) और (D)

27. Arrange the following agricultural regions from equator to pole :

(A) Commercial grain farming in the Prairies

(B) Reindeer rearing by the Eskimos

(C) Tea plantations of north-east India

(D) Primitive subsistence farming in Indonesia

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (C), (D), (A), (B)
(2) (D), (C), (A), (B)
(3) (D), (C), (B), (A)
(4) (C), (D), (B), (A)

28. Arrange the following as per the stages of demographic transition model :

(A) Population growth is slow due to high birth and high death rate.

(B) Fertility remains high, but mortality declines at a faster pace.

(C) Fertility declines at a faster pace, but mortality declines gradually.

(D) Population growth is slow due to low birth and low death rate.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B), (C), (D)
(2) (A), (C), (B), (D)
(3) (D), (B), (C), (A)
(4) (D), (C), (B), (A)

29. Match **List-I** with **List-II** :

List-I (Station)	**List-II (Trans-Continental Railway)**
(A) Chita	(I) Australian Trans-Continental Railway
(B) Winnipeg	(II) Union Pacific Railway
(C) Broken Hill	(III) Trans-Siberian Railway
(D) Chicago	(IV) Trans-Canadian Railway

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) – (I), (B) – (II), (C) – (III), (D) – (IV)

(2) (A) – (III), (B) – (IV), (C) – (I), (D) – (II)

(3) (A) – (II), (B) – (I), (C) – (IV), (D) – (III)

(4) (A) – (III), (B) – (II), (C) – (IV), (D) – (I)

27. निम्नलिखित कृषि क्षेत्रों को भूमध्य रेखा से ध्रुव की ओर व्यवस्थित करें :

(A) प्रेयरी में अनाज की वाणिज्यिक खेती

(B) एस्किमो द्वारा रेनडियर पालन

(C) उत्तर-पूर्व भारत में चाय रोपण

(D) इंडोनेशिया में आदिकालीन निर्वाह कृषि

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (C), (D), (A), (B)
(2) (D), (C), (A), (B)
(3) (D), (C) (B), (A)
(4) (C), (D), (B), (A)

28. निम्नलिखित को जनसांख्यिकीय संक्रमण मॉडल के चरणों के अनुसार व्यवस्थित करें :

(A) उच्च जन्म और उच्च मृत्यु दर के कारण जनसंख्या वृद्धि धीमी होती है।

(B) प्रजननशीलता अधिक रहती है, लेकिन मर्त्यता तेज़ी से घटती है।

(C) प्रजननशीलता तेज़ी से घटती है, लेकिन मर्त्यता धीरे-धीरे कम होती है।

(D) निम्न जन्म और निम्न मृत्यु दर के कारण जनसंख्या वृद्धि धीमी होती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A), (B), (C), (D)
(2) (A), (C), (B), (D)
(3) (D), (B), (C), (A)
(4) (D), (C), (B), (A)

29. **सूची-I** का **सूची-II** के साथ मिलान कीजिए :

सूची-I (स्टेशन)	**सूची-II (पार-महाद्वीपीय रेलमार्ग)**
(A) चिता	(I) ऑस्ट्रेलियाई पार-महाद्वीपीय रेलमार्ग
(B) विनिपेग	(II) यूनियन प्रशांत रेलमार्ग
(C) ब्रोकेन हिल	(III) पार-साइबेरियन रेलमार्ग
(D) शिकागो	(IV) पार-कैनेडियन रेलमार्ग

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) – (I), (B) – (II), (C) – (III), (D) – (IV)

(2) (A) – (III), (B) – (IV), (C) – (I), (D) – (II)

(3) (A) – (II), (B) – (I), (C) – (IV), (D) – (III)

(4) (A) – (III), (B) – (II), (C) – (IV), (D) – (I)

30. Arrange the following copper mines in North to South direction :

(A) Alwar

(B) Bhilwara

(C) Khetri

(D) Udaipur

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (B), (D), (C), (A)
(2) (C), (B), (A), (D)
(3) (B), (C), (D), (A)
(4) (C), (A), (B), (D)

31. Arrange the agricultural development of India in chronological order from Independence to the present day :

(A) Green Revolution

(B) Agro-Climatic Planning

(C) Intensive Agricultural District Programme

(D) National Mission for Sustainable Agriculture

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (C), (A), (B), (D)
(2) (B), (C), (D), (A)
(3) (B), (A), (D), (C)
(4) (D), (A), (C), (B)

32. Match **List-I** with **List-II** :

List-I (Energy Type)	**List-II (Key Locations/Regions)**
(A) Nuclear energy	(I) Gujarat and Rajasthan
(B) Wind energy	(II) West Coast of India
(C) Tidal energy	(III) Tarapur
(D) Geothermal energy	(IV) Manikaran

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) – (I), (B) – (III), (C) – (II), (D) – (IV)

(2) (A) – (III), (B) – (I), (C) – (II), (D) – (IV)

(3) (A) – (III), (B) – (IV), (C) – (I), (D) – (II)

(4) (A) – (II), (B) – (IV), (C) – (III), (D) – (I)

30. ताँबे की निम्नलिखित खानों को उत्तर से दक्षिण दिशा में व्यवस्थित करें :

(A) अलवर

(B) भीलवाड़ा

(C) खेतड़ी

(D) उदयपुर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (B), (D), (C), (A)
(2) (C), (B), (A), (D)
(3) (B), (C), (D), (A)
(4) (C), (A), (B), (D)

31. स्वतंत्रता से लेकर आज तक भारत के कृषि विकास को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें :

(A) हरित क्रांति

(B) कृषि-जलवायु नियोजन

(C) गहन कृषि जिला कार्यक्रम

(D) सतत कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (C), (A), (B), (D)
(2) (B), (C), (D), (A)
(3) (B), (A), (D), (C)
(4) (D), (A), (C), (B)

32. **सूची-I** का **सूची-II** के साथ मिलान कीजिए :

सूची-I (ऊर्जा प्रकार)	**सूची-II (प्रमुख स्थान/क्षेत्र)**
(A) नाभिकीय ऊर्जा	(I) गुजरात और राजस्थान
(B) पवन ऊर्जा	(II) भारत का पश्चिमी तट
(C) ज्वारीय ऊर्जा	(III) तारापुर
(D) भूतापीय ऊर्जा	(IV) मणिकरण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) – (I), (B) – (III), (C) – (II), (D) – (IV)

(2) (A) – (III), (B) – (I), (C) – (II), (D) – (IV)

(3) (A) – (III), (B) – (IV), (C) – (I), (D) – (II)

(4) (A) – (II), (B) – (IV), (C) – (III), (D) – (I)

33. Which of the following statements are correct with respect to land degradation ?

(A) All degraded lands are wasteland.

(B) All degraded lands may not be wasteland, but unchecked process of development may lead the conversion to wasteland.

(C) Land degradation is permanent or temporary decline in productive capacity of the land.

(D) Waterlogged, marshy areas and gullied lands are different types of degraded lands.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (C) and (D) only
(2) (A), (B) and (D) only
(3) (A), (B) and (C) only
(4) (B), (C) and (D) only

34. Identify from the following the statement which is ***not*** correct about the Rhine waterways.

(1) It is navigable for 700 km.

(2) It flows through a rich coalfield and the whole basin has become a prosperous manufacturing area.

(3) Ocean-going vessels can reach upto Cologne.

(4) It connects the industrial areas of Switzerland, France and Russia.

35. Arrange the following states in the descending order of their population density as per Census of India, 2011 :

(A) West Bengal
(B) Uttar Pradesh
(C) Kerala
(D) Tamil Nadu

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (D), (A), (C), (B)
(2) (A), (C), (B), (D)
(3) (B), (A), (D), (C)
(4) (C), (B), (D), (A)

36. Match **List-I** with **List-II** :

List-I (Type of Town)	**List-II (Example)**
(A) Industrial	(I) Mhow
(B) Commercial	(II) Katni
(C) Transport	(III) Satna
(D) Garrison	(IV) Modinagar

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) – (IV), (B) – (III), (C) – (II), (D) – (I)
(2) (A) – (I), (B) – (III), (C) – (II), (D) – (IV)
(3) (A) – (I), (B) – (II), (C) – (IV), (D) – (III)
(4) (A) – (III), (B) – (IV), (C) – (I), (D) – (II)

33. भू-निम्नीकरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) सभी निम्न कोटि भूमियाँ व्यर्थ भूमि हैं।

(B) सभी निम्न कोटि भूमियाँ व्यर्थ भूमि नहीं हैं , लेकिन विकास की अनियंत्रित प्रक्रिया से यह व्यर्थ भूमि में परिवर्तित हो सकती हैं।

(C) भू-निम्नीकरण, भूमि की उत्पादक क्षमता में स्थायी या अस्थायी गिरावट है।

(D) जलाक्रांत, दलदली क्षेत्र और प्राकृतिक खड्ड विभिन्न प्रकार की निम्नीकृत भूमि हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (C) और (D)
(2) केवल (A), (B) और (D)
(3) केवल (A), (B) और (C)
(4) केवल (B), (C) और (D)

34. राइन जलमार्ग के बारे में निम्नलिखित में से उस कथन की पहचान करें जो सही ***नहीं*** है।

(1) यह 700 कि.मी. के लिए नौगम्य है।

(2) यह एक समृद्ध कोयला क्षेत्र से होकर प्रवाहित होती है और संपूर्ण बेसिन एक समृद्ध विनिर्माण क्षेत्र बन गया है।

(3) सामुद्रिक पोत कोलोन तक पहुँच सकते हैं।

(4) यह स्विट्ज़रलैंड, फ्रांस और रूस के औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ता है।

35. भारत की जनगणना, 2011 के अनुसार निम्नलिखित राज्यों को उनके जनसंख्या घनत्व के अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें :

(A) पश्चिम बंगाल
(B) उत्तर प्रदेश
(C) केरल
(D) तमिलनाडु

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (D), (A), (C), (B)
(2) (A), (C), (B), (D)
(3) (B), (A), (D), (C)
(4) (C), (B), (D), (A)

36. **सूची-I** का **सूची-II** के साथ मिलान कीजिए :

सूची-I (नगर का प्रकार)	**सूची-II (उदाहरण)**
(A) औद्योगिक	(I) महू
(B) वाणिज्यिक	(II) कटनी
(C) परिवहन	(III) सतना
(D) छावनी	(IV) मोदीनगर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) – (IV), (B) – (III), (C) – (II), (D) – (I)
(2) (A) – (I), (B) – (III), (C) – (II), (D) – (IV)
(3) (A) – (I), (B) – (II), (C) – (IV), (D) – (III)
(4) (A) – (III), (B) – (IV), (C) – (I), (D) – (II)

37. Identify from the following, the correct statements with reference to the metropolis.

(A) It is often the chief centre or seat of some form of activity.

(B) It could be administrative, commercial or industrial centre.

(C) It generally serves a small hinterland.

(D) It is a very large city or agglomeration of population.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (D) only
(2) (A), (C) and (D) only
(3) (A), (B) and (C) only
(4) (B), (C) and (D) only

38. Match **List-I** with **List-II** :

	List-I (Economic Activity)		**List-II (Example)**
(A)	Quaternary	(I)	Manufacturing
(B)	Secondary	(II)	Mining
(C)	Tertiary	(III)	Taxi services
(D)	Primary	(IV)	Research scientist

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) – (I), (B) – (II), (C) – (III), (D) – (IV)

(2) (A) – (I), (B) – (III), (C) – (II), (D) – (IV)

(3) (A) – (IV), (B) – (I), (C) – (III), (D) – (II)

(4) (A) – (III), (B) – (IV), (C) – (I), (D) – (II)

39. Identify from the following, the correct statements with reference to oil refineries in India.

(A) Digboi is an example of market-based oil refinery.

(B) Tatipaka Oil Refinery is located in Andhra Pradesh.

(C) Numaligarh Oil Refinery is located in north-east India.

(D) Bina Oil Refinery is located in Madhya Pradesh.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (D) only
(2) (A), (B) and (C) only
(3) (A), (C) and (D) only
(4) (B), (C) and (D) only

37. महानगर के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही कथनों की पहचान करें।

(A) यह अक्सर किसी प्रकार की गतिविधि का मुख्य केंद्र या स्थान होता है।

(B) यह प्रशासनिक, वाणिज्यिक या औद्योगिक केंद्र हो सकता है।

(C) यह आमतौर पर एक छोटे पृष्ठ प्रदेश को सेवा प्रदान करता है।

(D) यह एक बहुत बड़ा शहर या जनसंख्या का समूहकरण होता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (D)
(2) केवल (A), (C) और (D)
(3) केवल (A), (B) और (C)
(4) केवल (B), (C) और (D)

38. **सूची-I** का **सूची-II** के साथ मिलान कीजिए :

सूची-I (आर्थिक क्रिया)	**सूची-II (उदाहरण)**
(A) चतुर्थ	(I) विनिर्माण
(B) द्वितीयक	(II) खनन
(C) तृतीयक	(III) टैक्सी सेवाएँ
(D) प्राथमिक	(IV) अनुसंधान वैज्ञानिक

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) – (I), (B) – (II), (C) – (III), (D) – (IV)
(2) (A) – (I), (B) – (III), (C) – (II), (D) – (IV)
(3) (A) – (IV), (B) – (I), (C) – (III), (D) – (II)
(4) (A) – (III), (B) – (IV), (C) – (I), (D) – (II)

39. भारत में तेल शोधन कारखानों के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही कथनों की पहचान करें।

(A) डिगबोई बाज़ार-आधारित तेल शोधन कारखाने का एक उदाहरण है।

(B) तातीपाका तेल शोधन कारखाना आंध्र प्रदेश में स्थित है।

(C) नुमालीगढ़ तेल शोधन कारखाना पूर्वोत्तर भारत में स्थित है।

(D) बीना तेल शोधन कारखाना मध्य प्रदेश में स्थित है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (D)
(2) केवल (A), (B) और (C)
(3) केवल (A), (C) और (D)
(4) केवल (B), (C) और (D)

40. Identify from the following, the correct statements about transportation in India.

(A) Atal Tunnel passes through Pir Panjal Range.

(B) About 80% Indian Railway track is of metre gauge.

(C) The Inland Waterways Authority was set up in 1986.

(D) Konkan Railway connects Roha in Karnataka to Mangalore in Kerala.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (C) only

(2) (A) and (C) only

(3) (A) and (B) only

(4) (B), (C) and (D) only

Read the given passage carefully and answer the five questions that follow.

Cottage industry is the smallest manufacturing unit. The artisans use local raw materials and simple tools to produce everyday goods in their homes with the help of their family members or part-time labour. Finished products may be for consumption in the same household or for sale in local (village) markets. Capital and transportation do not wield much influence as this type of manufacturing has low commercial significance and most of the tools are devised locally. Some common everyday products produced in this sector of manufacturing include foodstuff, fabrics, mats, containers, tools, furniture, shoes and figurines of wood from the forest, shoes, thongs and other articles from leather, pottery and bricks from clays and stones. Goldsmiths make jewellery of gold, silver and bronze. Some artefacts and crafts are made out of bamboo and wood obtained locally from the forests.

Small scale manufacturing is distinguished from household industries by its production techniques and place of manufacture (a workshop outside the home/cottage of the producer). This type of manufacturing uses local raw materials, simple power-driven machines and semi-skilled labour. It provides employment and raises local purchasing power. Therefore, countries like India, China, Indonesia and Brazil, etc. have developed labour-intensive small scale manufacturing in order to provide employment to their population.

Large scale manufacturing involves a large market, various raw materials, enormous energy, specialised workers, advanced technology, assembly-line mass production and large capital. This kind of manufacturing developed in the last 200 years, in the United Kingdom, Northeastern USA and Europe. Now it has diffused almost all over the world.

40. भारत में परिवहन के बारे में निम्नलिखित में से सही कथनों की पहचान करें।

(A) अटल सुरंग पीर पंजाल रेंज से होकर गुज़रती है।

(B) लगभग 80 प्रतिशत भारतीय रेलवे ट्रैक मीटर गेज है।

(C) अंतःस्थलीय जलमार्ग प्राधिकरण की स्थापना 1986 में की गई थी।

(D) कोंकण रेलवे कर्नाटक के रोहा को केरल के मैंगलोर से जोड़ता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (C)

(2) केवल (A) और (C)

(3) केवल (A) और (B)

(4) केवल (B), (C) और (D)

दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और इसके आगे आने वाले पाँच प्रश्नों के उत्तर दें।

कुटीर उद्योग निर्माण की सबसे छोटी इकाई है। इसमें शिल्पकार स्थानीय कच्चे माल का उपयोग करते हैं एवं साधारण औज़ारों द्वारा परिवार के सभी सदस्य मिलकर या अंश-कालिक श्रमिकों की सहायता से अपने दैनिक जीवन के उपभोग की वस्तुओं का उत्पादन करते हैं। तैयार माल का या तो वे स्वयं उपभोग करते हैं या इसको स्थानीय (गाँव) बाज़ार में विक्रय कर देते हैं। पूँजी और परिवहन का इस प्रकार के उद्योगों पर ज्यादा प्रभाव नहीं है क्योंकि इनके द्वारा निर्मित वस्तुओं का व्यापारिक महत्त्व कम होता है और अधिकांश औज़ार स्थानीय रूप से तैयार किए जाते हैं। निर्माण के इस क्षेत्र में उत्पादित कुछ सामान्य रोज़मर्रा के उत्पादों में खाद्य पदार्थ, कपड़े, चटाइयाँ, कंटेनर, औज़ार, फर्नीचर, जूते और जंगल से लकड़ी की लघु-मूर्तियाँ, जूते, थोंग्स (thongs) और चमड़े से निर्मित अन्य सामान, मिट्टी के बर्तनों और मिट्टी और पत्थरों से बनी ईंटें शामिल हैं। सुनार सोने, चाँदी और काँस्य के आभूषण बनाते हैं। कुछ शिल्प की वस्तुएँ बाँस और स्थानीय जंगलों से प्राप्त लकड़ी से बनाई जाती हैं।

छोटे पैमाने के उद्योग को कुटीर (गृहस्थ) उद्योग से अलग इसकी उत्पादन तकनीकों और निर्माण स्थल (उत्पादक के घर से बाहर कारखाना) के आधार पर किया जाता है। इस प्रकार के निर्माण में स्थानीय कच्चे मालों, साधारण ऊर्जा-संचालित मशीनों और अर्द्ध-कुशल श्रमिकों का प्रयोग किया जाता है। ये उद्योग रोज़गार प्रदान करते हैं और स्थानीय निवासियों की क्रय शक्ति बढ़ाते हैं। इसलिए, भारत, चीन, इंडोनेशिया और ब्राज़ील जैसे देशों ने अपनी जनसंख्या को रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिए इस प्रकार के श्रम-सघन छोटे पैमाने के उद्योग प्रारंभ किए हैं।

बड़े पैमाने के उद्योग के लिए विशाल बाज़ार, विभिन्न प्रकार के कच्चे माल, अत्यधिक शक्ति के साधन, कुशल श्रमिक, विकसित प्रौद्योगिकी, अधिक उत्पादन एवं अधिक पूँजी की आवश्यकता होती है। पिछले 200 वर्षों में यूनाइटिड किंग्डम, संयुक्त राज्य अमेरिका के उत्तर-पूर्वी भाग और यूरोप में इसका विकास हुआ है। वर्तमान में इसका विस्तार विश्व के लगभग सभी भागों में हो गया है।

41. The small scale manufacturing and the cottage manufacturing are distinguished on the basis of _____ .

Fill in the blank with the correct option.

(1) raw materials

(2) quantity of production

(3) production techniques

(4) scale of profits

42. Which one of the following is ***not*** a feature of small scale manufacturing ?

(1) It engages semi-skilled labour force.

(2) It provides employment and raises local purchasing power.

(3) The artisans produce goods in their homes with the help of their family members or part-time labour.

(4) It is labour intensive manufacturing.

43. From the following, identify the feature of the cottage industry :

(1) Use of advanced technology

(2) Specialized workers

(3) Finished products may be for consumption in the same household

(4) Mass production

44. Large scale manufacturing is ***not*** _____.

Fill in the blank with the correct option.

(1) capital intensive

(2) energy intensive

(3) technology intensive

(4) labour intensive

45. Which of the following is ***not*** a product of cottage industry ?

(1) Mat

(2) Shoes

(3) Car

(4) Basket

41. छोटे पैमाने के उद्योगों और कुटीर उद्योगों को _____ के आधार पर अलग किया जाता है।

रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।

(1) कच्चे माल

(2) उत्पादन की मात्रा

(3) उत्पादन तकनीकों

(4) लाभ के पैमाने

42. निम्नलिखित में से कौन-सी छोटे पैमाने के उद्योगों की विशेषता ***नहीं*** है ?

(1) इसमें अर्ध-कुशल श्रमिक कार्य करते हैं।

(2) यह रोज़गार प्रदान करता है और स्थानीय क्रय शक्ति को बढ़ाता है।

(3) कारीगर अपने परिवार के सदस्यों या अंश-कालिक श्रमिकों की मदद से अपने घरों में वस्तुओं का उत्पादन करते हैं।

(4) यह श्रम प्रधान विनिर्माण है।

43. निम्नलिखित में से कुटीर उद्योग की विशेषता की पहचान करें।

(1) विकसित प्रौद्योगिकी का उपयोग

(2) कुशल श्रमिक

(3) तैयार उत्पाद उसी घर में उपभोग के लिए होते हैं

(4) अधिक उत्पादन

44. बड़े पैमाने पर विनिर्माण _____ ***नहीं*** है।

रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।

(1) पूँजी गहन

(2) ऊर्जा गहन

(3) प्रौद्योगिकी गहन

(4) श्रम गहन

45. निम्नलिखित में से कौन-सा कुटीर उद्योग का उत्पाद ***नहीं*** है ?

(1) चटाई

(2) जूते

(3) कार

(4) टोकरी

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

Read the given passage carefully and answer the five questions that follow.

Jhabua district is located in the westernmost agro-climatic zone in Madhya Pradesh. It is, in fact, one of the five most backward districts of the country. It is characterised by a high concentration of tribal population (mostly Bhils). The people suffer due to poverty which has been accentuated by the high rate of resource degradation, both forest and land. The Watershed Management Programmes funded by both the ministries of "Rural Development" and "Agriculture", Government of India, have been successfully implemented in Jhabua district which has gone a long way in preventing land degradation and improving soil quality. Watershed Management Programmes acknowledge the linkage between land, water and vegetation and attempt to improve livelihoods of people through natural resource management and community participation. In the past five years, the programmes funded by the Ministry of Rural Development alone (implemented by Rajiv Gandhi Mission for Watershed Management) have treated 20 percent of the total area under Jhabua district. The Petlawad block of Jhabua is located in the northernmost part of the district and represents an interesting and successful case of Government-NGO partnership and community participation in managing watershed programmes. The Bhils in Petlawad block, for example, (Sat Rundi hamlet of Karravat village) through their own efforts, have revitalized large parts of Common Property Resources (CPR). Each household planted and maintained one tree on the common property. They also have planted fodder grass on the pasture land and adopted social-fencing of these lands for at least two years. Even after that, they say, there would be no open grazing on these lands, but stall feeding of cattle, and they are thus confident that the pastures they have developed would sustain their cattle in future. An interesting aspect of this experience is that before the community embarked upon the process of management of the pasture, there was encroachment on this land by a villager from an adjoining village. The villagers called the Tehsildar to ascertain the rights on the common land. The ensuing conflict was tackled by the villagers by offering to make the defaulter encroaching on the CPR, a member of their user group and sharing the benefits of greening the common lands/pastures.

दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और इसके आगे आने वाले पाँच प्रश्नों के उत्तर दें।

झबुआ जिला मध्य प्रदेश के अति पश्चिमी कृषि-जलवायु क्षेत्र में स्थित है। यह वास्तव में देश के पाँच सबसे पिछड़े जिलों में से एक है। जनजातीय जनसंख्या (ज्यादातर भील) की उच्च सांद्रता इसकी विशेषता है। लोग गरीबी के कारण कष्ट झेल रहे हैं और यह गरीबी जंगल और भूमि दोनों संसाधनों के उच्च दर से निम्नीकरण के कारण प्रबलित हो गई है। भारत सरकार के 'ग्रामीण विकास' और 'कृषि' मंत्रालय दोनों ही से वित्तपोषित जलसंभरण प्रबंधन कार्यक्रमों को झबुआ जिले में सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिसने भूमि क्षरण को रोकने और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने में एक लंबा सफर तय किया है। जलसंभरण प्रबंधन कार्यक्रम भूमि, जल और वनस्पति के बीच संबंध को स्वीकार करते हैं और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से लोगों की आजीविका में सुधार करने का प्रयास करते हैं। पिछले पाँच वर्षों में, अकेले ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रमों (राजीव गाँधी मिशन के जलसंभरण प्रबंधन द्वारा कार्यान्वित) ने झबुआ जिले के तहत कुल क्षेत्र के 20 प्रतिशत का उपचार किया है। झबुआ का पेटलावाड खंड जिले के अति उत्तरी भाग में स्थित है और जलसंभरण कार्यक्रमों के प्रबंधन में सरकारी और ग़ैर-सरकारी संगठनों की साझेदारी और सामुदायिक भागीदारी का एक सफल और रोचक प्रकरण प्रस्तुत करता है। उदाहरण के लिए, पेटलावाड खंड (कारावट गाँव की सत रुंडी बस्ती) के भीलों ने अपने प्रयासों से विस्तृत भागों की साझी संपदा संसाधनों (सीपीआर) को पुनर्जीवित किया है। प्रत्येक परिवार ने साझी संपदा पर एक पेड़ लगाया और उसे अनुरक्षित किया। उन्होंने चरागाह भूमि पर चारा घास भी लगाई और कम-से-कम दो वर्षों तक इन भूमियों की सामाजिक-घेराबंदी को अपनाया है। इसके बाद भी, वे कहते हैं, इन भूमियों पर कोई खुली चराई नहीं होगी और पशुओं की आहार पूर्ति के लिए नाँद बनाए जाएँगे और इस प्रकार उन्हें विश्वास है कि उन्होंने जो चरागाह विकसित किए हैं वे भविष्य में उनके पशुओं का सतत पोषण करते रहेंगे। इस अनुभव का एक दिलचस्प पहलू यह है कि समुदाय द्वारा चरागाह के प्रबंधन की प्रक्रिया शुरू करने से पहले, पास के गाँव के एक ग्रामीण द्वारा इस भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। ग्रामीणों ने तहसीलदार को बुलाया और साझी जमीन पर अपने अधिकारों को सुनिश्चित कराया। इस अनुवर्ती संघर्ष को गाँव वालों द्वारा सुलझाया गया जिसके लिए उन्होंने साझी चरागाह भूमि पर अतिक्रमण करने वाले दोषी को अपने प्रयोक्ता समूह का सदस्य बनाकर उसे साझी चरागाह भूमि की हरियाली से लाभांश देना आरंभ किया।

46. Petlawad block of Jhabua is located in which part of the district ?

(1) Southernmost

(2) Westernmost

(3) Northernmost

(4) Easternmost

47. Which tribal community has high concentration in the district of Jhabua ?

(1) Bhils

(2) Munda

(3) Santhal

(4) Meena

48. The Watershed Management Programmes, which have been successfully implemented in Jhabua were funded by _____.

Fill in the blank with the correct option.

(1) Ministry of Tourism

(2) Ministries of Rural Development and Agriculture

(3) Ministry of Road Transport and Highways

(4) Ministry of Tribal Affairs

49. Which among the following was ***not*** used by Bhils to revitalise Common Property Resources ?

(1) Plantation of fodder grass

(2) Plantation of trees

(3) Open grazing

(4) Social-fencing

50. Jhabua district is located in which agro-climatic zone of Madhya Pradesh ?

(1) Northernmost

(2) Southernmost

(3) Easternmost

(4) Westernmost

46. झबुआ का पेटलावाड खंड जिले के किस हिस्से में स्थित है ?

(1) अति दक्षिणी

(2) अति पश्चिमी

(3) अति उत्तरी

(4) अति पूर्वी

47. झबुआ जिले में किस आदिवासी समुदाय की आबादी अधिक है ?

(1) भील

(2) मुंडा

(3) संथाल

(4) मीणा

48. झबुआ में सफलतापूर्वक लागू किए गए जलसंभरण प्रबंधन कार्यक्रमों को _____ के द्वारा वित्तपोषित किया गया था। रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।

(1) पर्यटन मंत्रालय

(2) ग्रामीण विकास और कृषि मंत्रालय

(3) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

(4) जनजातीय मामलों का मंत्रालय

49. निम्नलिखित में से किसका उपयोग भीलों द्वारा साझी संपत्ति संसाधनों को पुनर्जीवित करने के लिए ***नहीं*** किया गया था ?

(1) चारा घास का रोपण

(2) वृक्षों का रोपण

(3) खुली चराई

(4) सामाजिक-घेराबंदी

50. झबुआ जिला मध्य प्रदेश के किस कृषि-जलवायु क्षेत्र में स्थित है ?

(1) अति उत्तरी

(2) अति दक्षिणी

(3) अति पूर्वी

(4) अति पश्चिमी

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

SPACE FOR ROUGH WORK

रफ़ कार्य के लिए जगह

SPACE FOR ROUGH WORK

रफ़ कार्य के लिए जगह

Read carefully the following instructions :

8. No candidate will be allowed to leave the OMR Answer Sheet blank. If any OMR Answer Sheet is found blank, it shall be crossed by the Invigilator with his/her signature, mentioning "Cancelled" on it.

9. Do not tear or fold any page of the Test Booklet and OMR Answer Sheet.

10. Candidates are advised to ensure that they fill the correct particulars on the OMR Answer Sheet, i.e., Application No., Roll No., Test Booklet No., Name, Mother's Name, Father's Name and Signature.

11. In case of any discrepancy in any question between English and Hindi/Regional language version, the English version will be considered as the final version for evaluation.

12. Rough work is to be done in the space provided for this purpose in the Test Booklet only.

13. The answers will be evaluated through electronic scanning process. Incomplete or incorrect entries may render the OMR Answer Sheet invalid.

14. Candidates are advised not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of Eraser, Nail, Blade, White Fluid/Whitener, etc., to smudge, scratch or damage in any manner the OMR Answer Sheet during examination is strictly prohibited. Candidature and OMR Answer Sheet of candidates using Eraser, Nail, Blade or White Fluid/Whitener to smudge, scratch or damage in any manner shall be cancelled.

15. There will be one copy of OMR Answer Sheet i.e., the Original Copy. After the examination is over, the candidate shall hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator. The candidate can take away the Test Booklet after the examination is over. If the candidate does not hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator and goes away with the OMR Answer Sheet, his/her candidature shall be cancelled and criminal proceedings shall also be initiated against him/her.

16. Candidates are advised strictly not to carry handkerchief, any mobile phone, any type of watch, belt or wear ornaments like ring, chain, ear-ring, etc., electronic or communication device, pen, pencil, eraser, sharpener and correction fluid to the Examination Centre. If any candidate is found possessing any such item, he/she will not be allowed to enter the examination centre. Possession of a mobile phone or any other aiding material as mentioned above by the candidate in the examination room will be treated as a serious violation and it may lead to cancellation of the candidature and debarring him/her from future examinations.

17. If a candidate violates any instructions or shows any indiscipline or misbehaviour, appropriate action will be taken including cancellation of candidature and debarring from future examinations.

18. Use of electronic/manual calculator is **not** allowed.

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :

8. किसी भी परीक्षार्थी को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त छोड़ने की अनुमति नहीं है। यदि कोई ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त पाया जाता है, तो निरीक्षक उस ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को क्रॉस कर उस पर "रद्द" लिख कर अपने हस्ताक्षर कर देगा/देगी।

9. परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न ही मोड़ें।

10. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर बिलकुल सही-सही विवरण, अर्थात् आवेदन संख्या, अनुक्रमांक, परीक्षण पुस्तिका संख्या, नाम, माता का नाम, पिता का नाम और हस्ताक्षर भली-भांति भरा है।

11. यदि किसी प्रश्न में, उसके अंग्रेज़ी संस्करण और उसके हिन्दी/क्षेत्रीय भाषा के भाषांतर में कोई विसंगति/अंतर है, तो ऐसी स्थिति में उस प्रश्न के अंग्रेज़ी संस्करण को ही अंतिम मानते हुए मूल्यांकन किया जाएगा।

12. रफ कार्य परीक्षण पुस्तिका में ही, इसके लिए दिए गए निर्धारित स्थान में किया जाना है।

13. उत्तरों का मूल्यांकन इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। अपूर्ण या ग़लत प्रविष्टियाँ ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को अमान्य कर सकती हैं।

14. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक न मोड़ें, और न ही उस पर कोई अवांछित चिह्न बनाएँ। परीक्षा के दौरान ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर इरेज़र, नाखून, ब्लेड, व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का प्रयोग करना, जिससे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति होती हो, सख़्त वर्जित है। इरेज़र, नाखून, ब्लेड या व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का इस्तेमाल कर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति पहुँचाने वाले परीक्षार्थियों की अभ्यर्थिता (कैंडीडेचर) और उनके ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को रद्द कर दिया जाएगा।

15. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की एक प्रति, अर्थात् मूल प्रति ही होगी। परीक्षा समाप्त हो जाने पर परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को सौंप देंगे। परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थी परीक्षण पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं। यदि परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को नहीं सौंपता है और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक भी अपने साथ ले कर चला जाता है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही भी शुरू कर दी जाएगी।

16. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा केन्द्र में अपने साथ रूमाल, कोई मोबाइल फ़ोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट या शरीर पर धारण की हुई अंगूठी, चेन, कोई कर्ण-आभूषण आदि, इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, पेन, पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर और करेक्शन फ्लुइड बिलकुल न लेकर जाएँ। यदि किसी भी परीक्षार्थी के पास ऐसी कोई भी वस्तु पाई जाती है, तो उसे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी के पास उपर्युक्त मोबाइल फ़ोन या ऐसी कोई सहायक वस्तु मिलने पर इसे गंभीर उल्लंघन माना जाएगा, जिससे उस परीक्षार्थी की अभ्यर्थिता रद्द करने के साथ-साथ उसे भावी परीक्षाओं से विवर्जित किया जा सकता है।

17. यदि परीक्षार्थी अनुदेशों का पालन नहीं करता है, या किसी प्रकार का कदाचार या अनुशासन-हीनता प्रदर्शित करता है, तो उपयुक्त कार्रवाई, जिसमें अभ्यर्थिता का निरसन और भावी परीक्षाओं से विवर्जित करना शामिल है, की जाएगी।

18. इलेक्ट्रॉनिक/मैनुअल कैल्कुलेटर के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है।